आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रधानमंत्री कोरिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वैश्विक तनाव के इस दौर में भारत और दक्षिण कोरिया मिलकर शांति व स्थिरता का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि साझा प्रयासों के माध्यम से भारत व कोरिया एक शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी हिंद–प्रशांत क्षेत्र में योगदान देना जारी रखेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के बीच आज नई दिल्ली में बातचीत के बाद कई समझौते किए गए। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ए आई, सेमीकंडक्टर और सूचना प्रौद्योगिकी में साझेदारी को और मजबूत करने के लिए भारत–कोरिया डिजिटल सेतु की शुरुआत की जा रही है।

दिशा बैठक

सांसद राजीव भारद्वाज ने अधिकारियों को केंद्र प्रायोजित योजनाओं के कार्यों में तेज़ी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज धर्मशाला में ज़िला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा की। राजीव भारद्वाज ने जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया, ताकि सभी का विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विकास कार्यों के लिए भरपूर आर्थिक मदद दे रही है। राजीव भारद्वाज ने केंद्र प्रायोजित योजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन समारोह में स्थानीय सांसद को न बुलाए जाने पर भी नाराज़गी जताई।

लोक निर्माण मंत्री

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि सड़कों के निर्माण को राज्य सरकार विशेष प्राथमिकता दे रही है और हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने आज ठियोग विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि फागू–चियोग–धमांदरी–सैंज संपर्क सड़क के स्तरोन्नयन कार्य पर 20 करोड़ रूपये खर्च किए जा रहे हैं। विक्रमादित्य सिंह ने अनेक स्थानों पर जनसुनवाई भी की और अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया। उन्होंने बताया कि लोगों की मांग पर शाकीलधार से नहोल तक सड़क का निर्माण किया जाएगा, जिस पर 7 करोड़ रूपये खर्च होंगे।

अग्निशमन सप्ताह

प्रदेश में अग्निशमन सेवा सप्ताह आज संपन्न हो गया। शिमला के निकट बलदेयां के अग्निशमन प्रशिक्षण केंद्र में आज समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सतवंत अटवाल ने बताया कि अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान आपदा के समय प्राण न्यौछावर करने वाले अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। उन्होंने कहा कि अग्निशमन कर्मी आग लगने की घटनाओं के समय अपनी जान जोखिम में डालकर काम करते हैं।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कांग्रेस पार्टी पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर दोहरा मापदंड अपनाने और इसे दशकों तक लटकाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने दशकों तक देश पर शासन किया लेकिन महिला आरक्षण को कभी भी प्राथमिकता नहीं दी। सिकंदर कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जब देश की महिलाओं को उनका हक देना चाहा तो कांग्रेस पार्टी ने तरह–तरह के बहाने बनाकर अपनी राजनीतिक मजबूरी जग–ज़ाहिर की।

————————————————————